सार-समाचार

मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए वर्कशॉप का आयोजन

भवानीमंडी, (निसं)। मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए ईएफ को ऑनलाइन करने की दृष्टि से व्यापार संघ भवानीमंडी एवं प्रशासन के सहयोग से दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। संस्कृत पाठशाला परिसर में उपखंड अधिकारी श्रद्धा गोमे के मुख्य आतिथ्य, तहसीलदार मदनलाल वर्मा, राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट मुख्य ट्रस्टी के.के.राठी, वरिष्ठ व्यापारी पारस जैन, दर्शन होरा, सत्यनारायण खंडेलवाल, अध्यक्ष व्यापार संघ गिरीश सोमानी, व्यापार संघ जिला अध्यक्ष खाद्य राजेश नाहर एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रहलाद नागर की उपस्थिति में प्रारंभ वर्कशाप का सरस्वती पूजन कर मुख्य अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया। उपखंड अधिकारी द्वारा व्यापार संघ के सहयोग से चुनाव आयोग द्वारा विशेष कार्यक्रम गहन निरीक्षण को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया और जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। प्रहलाद नागर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा किस प्रकार फॉर्म को ऑनलाइन किया जाता है किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ती है के बारे में बताया गया। शिविर इसी परिसर में दो दिवस तक चलेगा। संपूर्ण दिन भवानीमंडी के मतदाताओं के कार्यों को टीम द्वारा ऑनलाइन किया गया एवं विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्रदान की गई।

फसल खराबे के मुआवजे का भुगतान जल्द

अंता (निसं)। तहसीलदार अंता, मंजूर अली दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ संवत् 2082 (वर्ष 2025) में हुए फसल खराबे के मुआवजे का भुगतान जल्द किया जाएगा। इसके लिए संबंधित हल्का पटवारी को आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे। दीवान ने बताया- फसल खराबे के आदान-अनुदान (मुआवजा) राशि का भुगतान सीधे खातेदारों को किया जाना है। इस प्रक्रिया के तहत, मुआवजे के लिए जरूरी दस्तावेजों के संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी खातेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने हल्का पटवारी को जल्द से जल्द आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, आईएफएससी कोड सहित बैंक डायरी की स्पष्ट छायाप्रति और जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही, यह सुनिश्चित करना भी अनिवार्य है कि जनआधार कार्ड में खातेदार का बचत बैंक खाता संख्या अपडेट हो और जनआधार कार्ड व आधार कार्ड आपस में लिंक हों। यदि किसी खातेदार का बैंक विवरण जन आधार कार्ड में अपडेट नहीं पाया जाता है, तो मुआवजे का भुगतान संभव नहीं हो पाएगा। इसकी जिम्मेदारी स्वयं काश्तकार की होगी।

मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा

छबड़ा (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आव्हान पर उपशाखा छबड़ा द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि प्रदेश में कर्मचारियों द्वारा प्रशासनिक एवं मानसिक प्रताडना से तनाव ग्रस्त होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाये जा रहें हैं। हाल ही में भीलवाडा जिले की शाहपुरा पंचायत समिति में पदस्थापित ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के आचरण से मानसिक प्रताड़ना का दंश झेलते हुए जीवन लीला समाप्त कर ली है। इसी क्रम में झोटवाड़ा के बीएलओ मुकेश कुमार जांगिड़ ने भी निर्वाचन विभाग के एसआईआर कार्य निष्पादन में दी गई मानसिक प्रताड़ना से विवश होकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी है। जो की शासन की गलत एवं अव्यवहारिक नितियों का उदाहरण है। यहां शिक्षक संघ शेखावत से रमेश वर्मा पुरुषोत्तम मीणा, सागर नागर , पवन सुमन, कृषि विभाग से पटवार संघ से ओमप्रकाश मालव, ग्राम विकास अधिकारी संघ से पूजा मीणा, ललित मीणा, पशुपालन निशा मीणा व पंचायती राज से सुरेंद्र गालव सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

कोटा, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र सांगोद-186 के भाग संख्या 168 में बीएलओ का दायित्व निर्वहन कर रहे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोरीनाखुर्द (सांगोद) के अध्यापक कुलदीप यादव को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 में मतदाताओं के गणना प्रपत्र का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने में पूरी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा से काम करने के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र कोटा दक्षिण-190 के भाग संख्या 95 के बीएलओ राजकीय मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ सहायक अरविन्द कुमार सक्सेना, विधानसभा क्षेत्र सांगोद-188 के भाग संख्या 27 के बीएलओ सीताराम मीणा, विधानसभा क्षेत्र पीपल्दा-187 के भाग संख्या 104 के बीएलओ राजेन्द्र कुमार मीणा को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं के गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण-पत्र, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के तैयारी के संबध में रघुराई इन्डोर स्पोर्ट्स स्टेडियम, नयापुरा का निरीक्षण किया गया। उप शासन सचिव खेल एवं युवा मामले विक्रम कुमार गुप्ता ने बुधवार को जिला खेल अधिकारी वाई.बी. सिंह के द्वारा खेल मैदानों, आवास, भोजन, पार्किंग, प्रचार-प्रचार आदि की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि दिल्ली से आई हुई इवेंट मैनेजमेंट की टीम प्रभारी लगन एवं आदित्य द्वारा इस प्रतियोगिता के पूरे लेआउट प्लान के द्वारा खिलाड़ियों, ऑफिसियल एवं आने वाले अतिथियों के प्रवेश निकास एवं ऑफिसियल रूम की जानकारी दी गई। उप शासन सचिव द्वारा खेलो इण्डिया बॉक्सिंग सेंटर एवं एक जिला एक खेल कुश्ती खेल के सेंटर का निरीक्षण के दौरान खेल प्रशिक्षकों को निर्देश दिए गए।

बकायादारों के खिलाफ कार्यवाही जारी

छबड़ा (निसं)। विद्युत निगम की टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए भीलवाड़ा नीचा, कमालपुरा व मवासाव्यास गांव से 15.42 लाख से अधिक की बकाया राशि के 3 ट्रांसफार्मर उठाये हैं। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता रजनीश चावला और उनके नेतृत्व में विद्युत निगम की टीम ने क्षेत्र से श्री फेस के 3 ट्रांसफार्मर उठाए जिनमें भीलवाडनीचा से 1.51 लाख पर 1, कमालपुरा से 13.50 लाख पर 1, ओर मवासाव्यास से 0.41 लाख पर 1 ट्रांसफार्मर कुल लगभग 15.42 लाख की बकाया राशि पर उठाए है। साथ ही उन्होंने बताया कि बदनवास गांव से मोके पर 40 हज़ार रुपये जमा किए।

फ्लाई ऐश, बल्गर व ट्रकों के आवागमन पर सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंध

छबड़ा (निसं)। जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने जन सुरक्षा के मद्देनजर पालिका क्षेत्र में भारी वाहनो के आवागमन पर सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंध लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज़िला कलेक्टर रोहिताश्व तोमर द्वारा जारी किये गए आदेश में बताया कि जनसुरक्षा के मद्देनजर मोतीपुरा थर्मल पावर प्लांट से आने वाले फ्लाई ऐश बल्गर व ट्रकों के कस्बे में आवागमन पर सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंध लगाया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एसडीएम रामसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित उपखण्ड स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में फ्लाईएश वाहनों को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव जिला कलक्टर को भेजा गया था।

अयाना ब्रांच में जल प्रवाह शुरू किया

मांगरोल (निसं)। बुधवार को प्रातः 10:15 बजे सौरव भांभू, उपखण्ड अधिकारी मांगरोल के द्वारा अयाना ब्रांच हेड पर गेट खोलकर 35 क्यूसेक जल प्रवाह शुरू किया गया। वर्तमान में दाईं मुख्य नहर में 4500 क्यूसेक जल प्रवाह जारी है जिसमें से 1500 क्यूसेक मध्यप्रदेश को जा रहा है। सीएडी मांगरोल उपखण्ड के सहायक अभियंता गुलाब सैनी, कनिष्ठ अभियंता अनिल मीणा, रवि प्रकाश मीणा और अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। उपखण्ड अधिकारी मांगरोल द्वारा सीएडी मांगरोल के अधिकारियों को नहरी जल को व्यर्थ बहाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

कोटा-मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कोच संरचना में परिवर्तन

कोटा, (निसं)। यात्रियों की सुविधा एवं यात्रा क्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से गाड़ी 19816/19815 कोटा-मंदसौर-कोटा रेलसेवा की कोच संरचना में स्थायी परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन 11 दिसम्बर से प्रभावी होगा।

छावनी मेन सड़क से पार्क तक फैला अतिक्रमण, आवागमन बाधित

कोटा, (निसं)। छावनी क्षेत्र स्थित मेन रोड के मध्य स्थित कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी पार्क एवं मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों और उपेक्षा के कारण स्थानीय नागरिक गंभीर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पार्क की जर्जर हालत, अवरुद्ध रास्तों, सड़क अतिक्रमण और असुरक्षित वातावरण के चलते क्षेत्रवासी प्रशासन से त्वरित कार्रवाई के लिए कलक्टर को ज्ञापन सौपा है।

शकुंतला अपार्टमेंट के अध्यक्ष दीपक बुलिया ने बताया कि पार्क के आस-पास शाम के समय निकलना मुश्किल हो गया है। अफीमची, नशेड़ी और चोरी करने वाले व्यक्ति इस क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं। किसी के साथ भी अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासी रवि भार्गव ने बताया कि पार्क के उद्धार एवं सौंदर्यकरण का प्रस्ताव निगम आयुक्त को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति भी मिल गई थी। लेकिन ठेकेदार और वार्ड पार्षद ने केवल राशि का उपयोग दिखाया, जबकि गार्डन को जीर्ण-शीर्ण ही छोड़ दिया गया। पहले से लगे झूले और अन्य सामान तक अतिक्रमणकारियों द्वारा निकाल लिए गए। छावनी निवासी एडवोकेट दीपक बबलानी ने बताया कि कई बार कलेक्टर, सचिव और निगम आयुक्त को शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दो अतिक्रमणकारी पेंटर सार्वजनिक सड़क पर ही वाहन पेंट करते हैं, जिससे उड़ने वाले कण लोगों की आंखों में चले जाते हैं और नई गाड़ियों पर स्प्रे जम जाता है। मना करने पर वे लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मार्ग पर बॉडी वर्कशॉप्स द्वारा वाहन खड़े कर देने से आवागमन गंभीर रूप से बाधित होता है। महिलाओं और समिति के लोगों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। निवासियों के अनुसार पार्क के चारों ओर कच्ची बाड़ियां, गुमटियां और थड़ियां बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। टू-व्हीलर-फोर-व्हीलर रिपेयरिंग, डेटिंग-पेंटिंग और जूते-चप्पल की बिक्री तक यहीं की जा रही है, जिससे लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। पार्क का मुख्य द्वार टूट चुका है, अंदर जाने का मार्ग अवरुद्ध है और अंदर दिनभर नशेड़ी, जुआरी व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इससे स्थानीय निवासियों में भय का वातावरण बना रहता है। निवासियों ने सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण को ज्ञापन भेजकर पार्क से सभी अवैध बाड़ियां, गुमटियां और थड़ियां हटाने तथा स्थायी रूप से सौंदर्यकरण और विकास कार्य करवाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि पार्क का पुनर्विकास हो जाए तो स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और मुख्य मार्गों पर यातायात भी सुचारू हो सकेगा। निवासियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल को पुनः सुरक्षित और उपयोगी बनाएगा।

कोटा में छावनी मेन सड़क से पार्क तक फैला अतिक्रमण से आवागमन बाधित होता है।

गंगापुर सिटी रेल खंड पर कवच प्रणाली का निरीक्षण सफल

कोटा, (निसं)। दिल्ली-मथुरा-गंगापुर सिटी रेल खंड में हाल ही में लागू की गई देश में विकसित स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली कवच का बुधवार को रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत उच्चस्तरीय निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। निरीक्षण दल का नेतृत्व रेलवे मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक (लोक शिकायत) विकास कुमार जैन, प्रमुख कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार दृ विकास) सौरभ बंदोपाध्याय तथा निदेशक (लोक शिकायत) सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया।

निरीक्षण टीम ने ट्रेन संख्या 12060 में दिल्ली से गंगापुर सिटी तक यात्रा करते हुए कवच प्रणाली से जुड़े तकनीकी, सुरक्षा एवं व्यावहारिक मानकों का प्रत्यक्ष परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आपात सूचना प्रणाली, स्वचालित ब्रेकिंग, गति नियंत्रण, कैब सिग्नलिंग, स्वचालित हॉर्न, स्पाड बचाव परीक्षण (सिग्नल उल्लंघन संरक्षण), स्पीड कंट्रोल, लूप लाइन स्पीड कंट्रोल जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण सम्पन्न किए गए, जिनके परिणाम पूरी तरह उत्कृष्ट और संतोषजनक प्राप्त हुए। आपातकालीन परीक्षण के तहत मुडेशीरामपुर स्टेशन से इमरजेंसी अलार्म सक्रिय किया गया, जिसके फलस्वरूप ट्रेन किलोमीटर संख्या 1233 पर स्वतः नियंत्रित होते हुए रुक गई।

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना, शुद्धि पत्र

निविदा सूचना संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/25/BD की शुद्धि पत्र सं. 1 निम्न टेण्डर जो निविदा संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/25/BD को दिनांक 08.11.2025 के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से निम्न परिवर्तन किया गया है, जो इस प्रकार है :- **टेण्डर नं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिंग./2025/25/BD **पुराना कार्य का नाम:** शामगढ़ एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रोवीजन ऑफ 01 लोडिंग लाईन एट शामगढ़ स्टेशन ऑन कोटा डिवीजन। + बारां प्रोवीजन ऑफ एसएण्डटी वर्क फॉर गुडस् शेड एट बारां स्टेशन इन कोटा डिवीजन। **परिवर्तित कार्य का नाम:** शामगढ़-एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन-विथ प्रोवीजन ऑफ 01 लोडिंग लाईन एट शामगढ़ स्टेशन ऑन कोटा डिवीजन। + बारां प्रोवीजन ऑफ एसएण्डटी वर्क फॉर गुडस् शेड एट बारां स्टेशन इन कोटा डिवीजन। छबडा गुगोर प्रोवीजन ऑफ 8 व्हीलर टॉवर वैगन शेड एट छबडा गुगोर स्टेशन। + सवाईमाधोपुर-एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ ''प्रोवीजन ऑफ 8-व्हीलर टॉवर वैगन शेड सवाईमाधोपुर स्टेशन।'' **पुरानी कार्य की अनुमानित लागत एवं बयाना राशि:** ₹ 13443183.52 & 217200.00 **परिवर्तित कार्य की अनुमानित लागत एवं बयाना राशि:** ₹ 15625577.10 & 228100.00

(हस्ता.)

वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेल, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

खोया पाया

शान्ति देवी पत्नी माधो सिंह शेखावत के आवास संख्या 3 क 58 विज्ञान नगर का अदेय प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञा पत्र कही खो गया है मिलने पर सूचित करे। मो. 9425949587

खोया पाया

इंद्रा शुक्ला पुत्री सोहनलाल शर्मा 5-N-17 महावीर नगर तृतीय कोटा का अनुज्ञा पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।
संपर्क- 9414184912

रामगंजमण्डी में सीएमएचओ की अध्यक्षता में ब्लॉक बैठक का हुआ आयोजन

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगर पालिका रामगंजमंडी सभागार में 19 नवम्बर बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेन्द्र नागर की अध्यक्षता में ब्लॉक मीटिंग का आयोजन किया गया।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. नागर ने सभी सीएचसी व पीएचसी पर प्रदूषण कंट्रोल सर्टिफिकेट व फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित प्रभारी अधिकारियों को पाबंद करते हुए जल्द से जल्द सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं मे होने वाली लापरवाही के लिए सम्बंधित कार्मिको को निर्देश देते हुए सभी योजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए पाबंद किया।

उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्यालय पर ही रहने के निर्देश दिये। डिप्टी सीएमएचओ डॉ घनश्याम मीणा ने कर्मचारियों को डेंगू व मलेरिया से रोकथाम के लिये सभी को सजग रहकर संवेदनशीलता के साथ फिल्ड में काम करने के निर्देश दिये एवं एनसीडी प्रोग्राम में कम प्रोग्रेस वाले कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए एक माह में प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं तथा जाँचों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने क्लोरोस्कोप के उपयोग के बारे में बताया व क्लोरिन की गोलियों की उपलब्धता और वितरण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बीसीएमओ डॉ राजेन्द्र मीणा द्वारा ब्लॉक के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अस्पतालों में समय पर आने और निर्धारित आईकार्ड व यूनिफार्म में आने के लिये कहा। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही माँ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए, ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करने के लिये कार्मिकों को पाबंद किया।

बैठक में जिला टीबी अधिकारी डॉ एस एन मीणा द्वारा टी बी मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी देते हुए लक्ष्यों को तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों को टी बी मुक्त करने के बारे में बताते हुए नये निक्षय मित्र बनाने व पुराने टीबी रोगियों को मिलने वाले पोषण किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती कल्याणी बाई की प्लेटलेट निरंतर गिरती जा रही थी ऐसे में चिकित्सकों ने अर्जेंट एसडीपी के लिए कहा, बी पॉजिटिव एसडीपी के लिए मनीष बंसल को कॉल किया, वह सी ए हैं और काम में व्यस्त थे, लेकिन 40वीं बार एसडीपी डोनेट की है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 133/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्री सूर्यप्रकाश माहेश्वरी पुत्र श्री श्याम लाल माहेश्वरी 132 पेट्रोल पम्प के पास लाल बाग के सामने ठंडी झिरी झालरापाटन जिला झालावाड़ द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास ''सेवा भारती समिति झालावाड़'' डिप्टी जी का मन्दिर झालावाड़ तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़ के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 13.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 20.01.2026 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

कोटा, (निसं)। आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर बुधवार को गुमानपुरा स्थित चौराहे पर इंदिरा गांधी की मूर्ति पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी को संबोदित करते हुए शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता अखंडता के लिये अपने प्राणों की बली दी। इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते देश हित में कई साहसिक फैसले लिये। 1971में पाकिस्तान से युद्ध कर बंगलादेश को आजाद कराया तथा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया। बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश में निवेश का रास्ता खोलकर देश को नई दिशा दी। इंदिरा गांधी ने अंतिम भाषण में कहा था मेरे देश की सेवा में मेरी जान भी चली जाए मेरे रक्त की एक एक बूंद देश को जीवित और मजबूत करेंगी। युद्ध जीतने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी ने सदन में इंदिरा गांधी को दुर्गा का रूप कहा था लेकिन वर्तमान मोदी सरकार देश हित में ऐतहासिक फैसला ना लेकर महापुरुषों का नाम इतिहास के पन्नों में हटाने का षडयंत रच रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं देश हित अपनी उंगली भी कटाई हो तो बताये, केवल झूठ बोलकर देश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे है। कांग्रेसजन देश को मजबूत बनाने एवं देश को आगे बढ़ाने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। महापुरुषों के पदचिंहों पर चलकर देश को एक सूत्र में बांधने का हर सम्भव प्रयास करते रहेंगे।

कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश थाडा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओं का नारा देकर देश को नई दिशा देकर देश को ऊँचाइयों पर ले जाने का काम किया। वर्तमान मोदी सरकार इंदिरा गांधी के बलिदान को भुलाने का में लगी हुई है। कांग्रेसजन इनके मंसूबों पर कामयाब नही होने देंगे। संचालन कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने किया धन्यवाद महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया। महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी को प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष प्रदीप मालवीया, प्रकाश मलकानी, महामंत्री नीरज शर्मा, सेवादल प्रदेश सचिव हंसराज गोस्वामी, सचिव हेमन्त चतुर्वेदी, शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष जुबराज राठौर, शिक्षक नेता ईश्वर सिंह, युवक कांग्रेस सोशल मीडिया प्रचार मंत्री डॉ शीतल मीणा, जितेन्द्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।

शिक्षा महोत्सव एजुकेशन फेयर में कोचिंग स्टूडेंट्स को प्लान बी बताया

कोटा, (निसं)। हर साल लाखों स्टूडेंट्स आईआईटी और एनआईटी जैसे टॉप इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले की तैयारी करते हैं, लेकिन सीटें सीमित होती हैं। इसलिए हर किसी को इनमें प्रवेश मिले, ऐसा हमेशा संभव नहीं हो पाता। यही सवाल स्टूडेंट्स को अक्सर बेचौन करता है कि अगर आईआईटी-एनआईटी नहीं मिला तो आगे क्या? इसी सवाल का समाधान देने के लिए मोशन एजुकेशन ने बुधवार को द्रोणा-2 कैंपस में दो दिवसीय निशुल्क शिक्षा महोत्सव एजुकेशन करियर फेयर की शुरुआत की। पहले ही दिन यहां हजारों छात्रों की भीड़ उमड़ पड़ी।

शिक्षा महोत्सव का उद्घाटन करते हुए मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय ने कहा कि कोटा आने वाले बच्चे यहां सिर्फ पढ़ाई ही नहीं करते, बल्कि मेहनत करना भी सीखते हैं। यही सीख उनको हर क्षेत्र में ऊंचाइयों तक ले जाती है। करियर सिर्फ एक रास्ते का नाम नहीं है, बल्कि कई विकल्पों का मिश्रण है। इसलिए जरूरत है, सही समय पर सही दिशा पाने की। शिक्षा महोत्सव एजुकेशन करियर फेयर जैसे आयोजन सिर्फ करियर के विकल्पों की सूची नहीं देते, बल्कि यह बताते हैं कि किस राह पर चलने से भविष्य ज्यादा सुरक्षित और मजबूत हो सकता है। इस दौरान मोशन के जेईई डिवीजन के हेड रामरतन द्विवेदी, नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि करीब 15 लाख बच्चे जेईई देते हैं। सभी को आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश नहीं मिल सकता। लकिन इंजीनियरिंग और दूसरे क्षेत्रों में करियर बनाने की राहें और भी है। स्टूडेंट को करियर फेयर जैसे मौकों का फायदा उठाना चाहिए।

कोटा में शिक्षा महोत्सव एजुकेशन फेयर में कोचिंग स्टूडेंट्स को प्लान बी बताया गया है।

शिक्षा महोत्सव एजुकेशन फेयर के कोर्डिनेटर रविंद्र साहू ने बताया कि इसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी-पंजाब, एमआईटी आर्ट, डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी-महाराष्ट्र, डीम्ड यूनिवर्सिटी ग्राफिक एरा-उत्तराखंड और केआईईटी-गाजियाबाद, पारुल यूनिवर्सिटी-गुजरात सहित 28 जाने माने विश्वविद्यालय और कॉलेज भाग ले रहे हैं। सभी संस्थानों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए हैं, जहां विशेषज्ञों ने छात्रों को विभिन्न कोर्स, अवसर और करियर के बारे में जानकारी दी।

इंजीनियरिंग के पारंपरिक कोर्स बीटेक के साथ-साथ छात्रों में एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे टेक्नोलॉजी कोर्स के प्रति खास उत्साह दिखा। वहीं मैनेजमेंट व फार्मा सेक्टर के स्टॉल पर अच्छी भीड़ रही। डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लॉ, मैनेजमेंट, फाइनेंस और डिजाइनिंग जैसे कोर्स भी छात्रों के बीच चर्चा में रहे। इस दौरान काउंसलर्स ने बताया कि अब कंपनियां सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि स्किल्ड स्टूडेंट्स की तलाश में हैं, इसलिए कॉलेजों ने अपना सिलेबस इंडस्ट्री की जरूरतों के हिसाब से अपडेट किया है। कई संस्थानों ने छात्रों को स्कॉलरशिप, मेरिट आधारित छूट और फीस डिस्काउंट की जानकारी दी। इससे बच्चे उत्साहित दिखे, क्योंकि इससे निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई की लागत काफी कम हो सकती है। कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतियोगिताएं, क्विज़ और लकी ड्रॉ भी रखे गए, जिसने बच्चों की भागीदारी और बढ़ा दी। शिक्षा महोत्सव एजुकेशन फेयर गुरुवार को भी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। इस दौरान मोशन के सीईओ नितिन विजय छात्रों से बातचीत कर प्रेरित करेंगे और विभिन्न करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन देंगे।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नाहरगढ़ जिला बारां (राज.)

क्रमांकः- 18885209 दिनांक 17.11.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ में चिन्हित एवं रिक्त भूखण्डो का 99 वर्षीय लीज पर द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरणो में 99 वर्षीय लीज पर आवंटन करने हेतु आवंटन सूचना कमांक 248-60 दिनांक 14.11.2024 एवं संशोधित आवंटन सूचना कमांक 292-04 दिनांक 26.12.2024 जारी कर आवेदन मांगे गये थे। प्राप्त आवेदनो की जांच उपरान्त पाये गये पात्र/अपात्र आवेदको की सूचियाँ इस कार्यालय के राजकाज पत्र कमांक **18884099** दिनांक 17.11.2025 से जारी कर मण्डी समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। उक्त सूचियाँ नोटिस बोर्ड अथवा मण्डी समिति के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। उक्त प्रकाशित सूचियो के संबंध में किसी भी फर्म/आवेदक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 02.12.2025 को सायं 5:00 बजे तक लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।

राज.संवाद/सी/25/14113 सचिव

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति समरानियां जिला बारां (राज.)

क्रमांकः- 18886178 दिनांक 17.11.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

कृशि उपज मण्डी समिति समरानियां में चिन्हित एवं रिक्त भूखण्डो का 99 वर्शीय लीज पर द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरणो में 99 वर्शीय लीज प